कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर

Krishi Vigyan Kendra, Bhojpur

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर

Bihar Agricultural University, Sabour, Bhagalpur

डा॰ शोभा रानी,
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान,

जापानी फार्म, कतीरा रोड, आरा, भोजपुर - 802301, Email - bhojpurkvk@gmail.com, 9431479522

का॰आ॰सं॰...24......./स्थापना/20/2025-26/कृ॰वि॰के॰, भोजपुर **दिनांक ...21.../05/2026**

कार्यालय आदेश

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज, हैदराबाद) द्वारा संचालित ''इनपुट डीलर के लिए कृषि विस्तार सेवा में डिप्लोमा'' (DAESI) कार्यक्रम अंतर्गत 01 फेसिलिटेटर (अस्थायी) के चयन हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर, आरा में दिनांक 13.05.2026 को आयोजित अंतवीक्षा कार्यक्रम के क्रम में यह पाया गया कि अभ्यर्थियों से सतर्कता प्रमाण-पत्र एवं न्यायालय में किसी प्रकार का वाद लंबित नहीं होने संबंधी प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं किया गया था।

अतः उक्त कारणों से दिनांक 13.05.2026 को आयोजित अंतवीक्षा कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

साथ ही, उक्त पद हेतु पुनः अंतवीक्षा कार्यक्रम दिनांक 26.05.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर, आरा में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटो, सतर्कता प्रमाण-पत्र, न्यायालय में किसी प्रकार का वाद लंबित नहीं होने संबंधी स्वप्रमाणित घोषणा-पत्र, बायोडाटा तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल एवं छायाप्रति (स्वअभिप्रमाणित) के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जो अभ्यर्थी पूर्व में आवेदन कर चुके हैं, उन्हें सतर्कता प्रमाण-पत्र एवं न्यायालय में किसी प्रकार का वाद लंबित नहीं होने संबंधी में प्रमाण पत्र जमा करना होगा तथा अन्य दस्तावेज अथवा प्रमाण-पत्र जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी, वे सीधे अंतवीक्षा में भाग ले सकेंगे। तथापि, यदि कोई अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता अथवा कार्यानुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों को अद्यतन करना चाहता हो, तो वह पृथक से आवेदन सह बायोडाटा जमा कर सकता है।

शेष अर्हताएँ एवं शर्तें पूर्व में प्रकाशित सूचना के अनुसार यथावत रहेंगी।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

कार्यालय पताः
कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर, आरा।
जापानी फार्म, कतिरा रोड, आरा।

ह०/-
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर, आरा।

KRISHI VIGYAN KENDRA, BHOJPUR